आकाशवाणी, भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 24/05/2026 समय : 02.10 PM

प्रधानमंत्री-लेख

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का एक लेख साझा किया। इस लेख में बताया गया है कि किस तरह सिक्किम के खांगचेंदज़ोंगा की पांच धरोहर 2047 तक विकसित सिक्किम का लक्ष्य प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। यह लेख खांगचेंदज़ोंगा को सिक्किम की भूमि, स्मृति और चेतना के रक्षक के रूप में चित्रित करता है और इसके सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री-कर्नाटक दौरा

मुख्यमंत्री डाॅ. मोहन यादव आज कर्नाटक दौरे पर हैं। इससे पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने सिंगरौली जिले के विकास के बारे में चर्चा की।

न्यायालय- ट्विशा शर्मा

भोपाल में सेवानिवृत्त जज की बहू ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले का उच्चतम न्यायालय ने कल स्वतः संज्ञान लिया है। मामले में सोमवार को देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ सुनवाई कर सकती है। ट्विशा के शव का आज एम्स भोपाल में दोबारा पोस्टमॉर्टम किया जा रहा है। इसके लिए दिल्ली एम्स की चार सदस्यी विशेष फॉरेंसिक टीम हाईटेक इक्विपमेंट के साथ भोपाल पहुंची है। इससे पहले आरोपी समर्थ सिंह को कल अदालत ने 7 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया था।

जीएटीसी-नियम

सरकार वजन और माप की जांच प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए जांच केंद्रों-जीएटीसी की भूमिका का विस्तार करेगी। इसके लिए 2013 के नियम में संशोधन किया गया है। उपभोक्ता कार्य मंत्रालय ने कहा कि नए नियमों के तहत ये केंद्र वजन और माप की 23 श्रेणियों का सत्यापन कर सकेंगे। इनमें पेट्रोल और डीजल, सीएनजी, एलपीजी, एलएनजी और हाइड्रोजन डिस्पेंसर की जांच भी शामिल है। इसका उद्देश्य व्यापार को पारदर्शी बनाना, व्यवस्था में तकनीक के उपयोग और वैश्विक मानकों के अनुरूप आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को बढ़ावा देना है।

विदेश मंत्री-रूबियो

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रमण्यम जयशंकर और अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने आज नई दिल्ली में कई मुद्दों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने भारत और अमरीका सामरिक भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि यह भागीदारी व्यापार, ऊर्जा, मोबिलिटी और क्षेत्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से है। दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में, डॉक्टर जयशंकर ने

बताया कि श्री रूबियो की भारत यात्रा ऐसे समय में हुई है जब दोनों पक्ष नियमित रूप से एक-दूसरे के संपर्क में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि खाड़ी क्षेत्र के संबंध में भी चर्चा हुई है और क्वाड बैठक से पहले हिंद-प्रशांत क्षेत्र प्राथमिक बना हुआ है। विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते का जल्दी होना जरूरी है।

मौसम गर्मी

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। प्रदेश के अधिकांश शहरों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है और लोगों को तेज धूप व लू का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले चार दिनों तक प्रदेश में भीषण गर्मी और हीटवेव का असर बना रहेगा। लोगों को फिलहाल राहत मिलने की संभावना कम है। विभाग ने आज टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और सतना जिलों में तीव्र लू का रेड अलर्ट जारी किया है। लोगों को दोपहर के समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

गेहूं उपार्जन

प्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कल तक 13 लाख 10 हजार किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में पहले स्थान पर है। लगभग 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कर प्रदेश पंजाब के बाद दूसरे स्थान पर है। गेहूं का उपार्जन अभी भी जारी है।

समाचार संक्षेप में:-

- पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल स्थित रेल उत्सव हॉल मदनमहल में 19वें रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 211 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- नर्मदापुरम जिले की ग्राम पंचायत मलोथर में 'प्रशासन आपके द्वार' अभियान के तहत रात्रि चैपाल आयोजित की गई। प्रभारी कलेक्टर ने ग्रामवासियों से संवाद कर शासकीय योजनाओं की जानकारी दी और उनकी समस्याएं सुनकर निराकरण के निर्देश दिए।
- बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत उमरिया जिले के ग्राम खेरवा टोला में बाघ के हमले में मृत महिला के परिजन को मुख्यमंत्री द्वारा 25 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा घायलों के निःशुल्क उपचार एवं आवश्यक मुआवजा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।
- रांची में 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी की खिलाड़ी नितिका आर्क्रे ने महिला पोल वॉल्ट स्पर्धा में रजत पदक जीता है।